[Shri R. V. Swaminathan]

4 kms. into the villages situated in the coastal stretch, for 50 miles of Tiruvandanai Taluk, all fishermen's families living in these areas have been hard hit. The worst affected areas are Sundara-pandiapatnam, Tiruppalakudy, Thondi, Nambuthalai, Puthuppatturam, etc. in Tiruvadanai Taluk. There is acute scarcity for drinking water. Sea water has stagnated everywhere, which poses a big problem. Sea water has entered into the paddy fields which has made it uncultivable. Many telephone and electric posts have been uprooted. Repairs to the roads is estimated to be Rs. 25 lakhs, Casualties and loss would have been very heavy but for the advance and timely steps taken by the local and district officials to evacuate the villagers from the low lying areas to protect them. However, 50 villages were submerged by tidal waves. It is quite surprising and painful to note that even with such severe cyclonic storm, the rainfall in these areas was not sufficient enough to cater to the needs of the villagers. The agriculturists feel much hardship to carry on their operations without water facilities. It is a pity that relief measures against drought as well as cyclone damage are to be taken simultaneously in the Ramnathapuram district. The Central Government should take immediate relief measures in these areas to rescue the people from the calamities.

(ii) REPORTED SCARCITY OF CEMENT AND OTHER BUILDING MATERIALS IN ASSAM.

श्री एच० एल० पटवारी (मंगलदाई) : असम में घर बनाने की सामग्री जैसे—सी आई शीट्स .....

MR. CHAIRMAN: You have to read the statement. You have just to follow strictly what you have given to the Speaker. I think you have given it in English.

SHRI H. L. PATWARY: I don't have the copy in English. This may be taken as its translation in Hindi.

MR. CHAIRMAN: No. This is not the way. You must be serious in the House.

SHRI H. L. PATWARY: Yes, Sir. Under rule 377, I wish to raise the following matter:

"There is an acute scarcity of cement, C.I. sheets and iron rods. Hence the entire development and construction work of houses for tea garden labourers and others have been affected. As such, a serious situation is prevailing. Moreover, the general economic situation is affected, due to shortage of salt. Bihar has got more rail wagons than its quota; but Assam has not received the same, in spite of the registration fee deposited. As such, the whole economic situation has been affected. In addition, law and order problems may arise. Hence I draw the attention of the concerned Ministers to this."

(iii) ATROCITIES ON TRIBALS OF SINGHBHOOM, RANCHI, DUMKA, ETC. DISTRICTS OF CHHOTA NAGPUR.

श्री ए० के० राय (धनबाद) : मैं नियम 377 के अधीन निम्न विषय की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं :

बिहार के छोटा नागपुर इलाके में सिंहभूम जिले में आदिवासियों पर लगातार गोलीकांड तथा अत्याचार के फलस्वरूप आदिवासियों की हत्या ।

बिहार के छोटा नागपुर इलाके में सिंहभूम, रांची, दमका आदि जिलों में आदिवासियों पर बहुत दिनों से सरकार, महाजन, पूंजीपतियों तथा विभिन्न प्रकार के बाहरी लुटेरों के द्वारा अत्याचार होता रहा है। फिलहाल जब आदिवासियों के अन्दर जागृति पैदा हुई तथा उन लोगों ने संगठित होकर अपने संरक्षण के लिये झारखंड प्रान्त तथा अपने अधिकार की आवाज उठाई तब सरकार के प्रशासन तथा वन विभाग द्वारा अत्याचार ने और जोर पकड़ा जिस के फलस्वरूप सिंहभूम जिले में पिछले एक महीने के अन्दर दो गोली कांड हुए तथा फिलहाल रांची जिले के खूंटी में आदिवासियों पर गोली चलाई गई। इस गोली कांड के चलते सिंहभूम में चार आदिवासियों तथा खूंटी में एक आदिवासी की मृत्यु हुई।

आदिवासी लोग झाड़ में रहते हैं, मछली जैसे पानी बिना जिन्दा नहीं रह सकती है वैसे ही आदिवासी लोगों के लिये जंगल उन के रोजी रोटी आवास के साधन हैं और छोटा नागपुर के जंगल में साल, महुआ आदि जंगल जो प्रकृति की स्वाभाविक देन है वह सरकार के लिए वन सम्पदा का स्रोत तथा आदिवासियों के लिये रोजी रोटी का भी साधन है। विशेष रूपसे साल के गांछ से, पत्ता से, फल से, फूल से इन लोगों की रोजी रोटी तथा उन का धर्म भी जुड़ा हुआ है। फिल-

हाल बिहार सरकार ने आदिवासियों को बर्बाद करने के लिये ठेकेदारों द्वारा बेरहमी से साल के जंगल काट कर वहां पर सागवान के पेड़ लगाने की योजना बनाई है जिस का कोई उपयोग आदिवासियों को नहीं है। इतना ही नहीं बहुत सी रेयती जमीन में भी वे लोग जबर्दस्ती सागवान का घास लगा रहे हैं जिसके चलते खेती बाड़ी बन्द होने की स्थिति म आ गई है। कहना ज्यादा होगा कि तमाम वन विभाग की नियुक्तियों में आदिवासियों को कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती है, न वन विभाग के संचालन में आदिवासियों का कोई हिस्सा है। इस रूप ने छोटा नागपुर में आदिवासियों के लिए एक असहनीय परिस्थिति पैदा की हुई है जिसमें आदिवासियों को न नौकरी मिलती है न खेती चला सकते हैं, न साल के जंगल से जो रोटी रोजी चलती थी वह भी साल काट करके सागवान लगाने के नाते बन्द होने पर है। वह इस प्रकार से भी कि तमाम आदिवासियों को छोटा नागपुर से बर्बाद होकर भाग जाना पड़ेगा।

15 hrs.

इस परिस्थिति को ले कर दिनांक 7 नवम्बर, 1978 को कुछ आदिवासी लोग स्त्री एवं पुरुष आदि मिल कर अपनी रैयती जमीन पर ग्राम इंचाहातु, थाना गुलकेरा, जिला सिंहभूमि में बैठकर करीब अपराह्न 3 बजे विचार विमर्श कर रहे थे। इसी समय में अकस्मात पुलिस पहुंच गई। बिहार, बी० एम० पी० तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ गोयलकरा ब्लाक का बी० डी० ओ० वहां पर पहुंचे तथा बगैर कोई सावधानी देखे गोली चलाने का आदेश दे दिया जिस के चलते तुरन्त यहां एक व्यक्ति, श्री महेश्वर जमुदा की तत्काल वहां मृत्यु हो गई और तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल हुए। दूसरी घटना गांव सरेंदा प्रखंड गोलकरा, थाना गोलकरा, जिला सिंहभूमि में दिनांक 25 नवम्बर, 1978 को करीब डेढ़ बजे हाट स्थान पर हुई। हाट में जब स्थानीय एम० पी० श्री वागुन सोमराय जी का प्रचार हो रहा था उसी समय अचानक बी० एम० पी० के साथ सर्किल आफिसर वहां पर पहुंच गये एवं अंधाधुंध हाटियां में गोली चलवायी। जिस से घटनास्थल में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा करीब 12 व्यक्ति बुरी तरह से घायल हुए। इसके बाद भी विभिन्न वाहनों से वहां अत्याचार चल ही रहा है। इस के बाद फिलहाल रांची जिला के खूंटी में भी गोली चली। जिस में एक आदिवासी मारा गया। मूल बात जागृति के बाद आदिवासी जब अपना हक मांग रहा है तो चारों तरफ से उस को हतोबल तथा ध्वंस करने का फेर में लगा हुआ है। इस प्रकार आदिवासियों पर अत्याचार बड़े बड़े डैम तथा कारखाना आदि के जरिए भी हो रहा है जैसे कोयलाकारों या स्वर्णरेखा योजना, जहां हजारों एकड़ आदिवासियों की जमीन डूबेगी वहां एक भी आदिवासी को नियुक्ति नहीं मिली एवं पुनर्वास की भी कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर जब कुछ दिन पहले छोटा नागपुर का आदिवासी तथा मूलवासी लोगों ने आवाज उठायी तो उसे भी चान्डील में सिंहभूमि में गोली चला कर दबाया गया। कल भी अखबार में दुमका जिला में दो आदिवासियों को पुलिस द्वारा गोली मार कर मारने की खबरें आई हैं। एवं आदिवासियों के दो जाने माने नेता सर्वश्री एन० ई० होरो एवं शिबु सोरेन को एक महीने से ज्यादा हो रहा० है जेल में बन्द कर रखा गया है।

इस प्रकार हर क्षेत्र में बिहार सरकार आदिवासियों के साथ एक अलिखित लड़ाई में उतर चुकी है जिसका परिणाम बिहार तथा आदिवासियों के लिये कल्याणकारी नहीं होगा। इसलिए केन्द्रीय सरकार को अविलम्ब इन तमाम चीजों के बारे में हस्तक्षेप करना चाहिये वहां के लोगों की यह मांग है कि तमाम सिलसिलेवार ढंग से गोलीकांड की संसद् द्वारा जांच हो, दोषी अफसरों को सजा मिले। मृत आदिवासियों के परिवारों को मुआवजा दिया जाय। सागुवान के स्थान पर साल का, महुआ का वन लगाया जाय। रेयती जमीन को वन विभाग से अलग किया जाय एवं बिहार का वन विभाग तथा सिचाई विभाग के तमाम कामों में तथा नियुक्तियों में छोटा नागपुर आदिवासियों तथा मूलवासियों को प्राथमिकता दी जाये। सरकार यदि तमाम चीजों पर तुरन्त कार्यवाही न करे तो बहुत बड़े पैमाने पर वहां एक विस्फोट हो सकता है, जिस की जिम्मेदार सरकार होगी।

(iv) AIR FORCE STATION, JAMNAGAR.

श्री भागीरथ भंवर (झाबुआ) : माननीय सभापति जी, मैं आप की अनुमति से नियम 377 के अन्तर्गत निम्नलिखित लोक महत्व के प्रश्न का उल्लेख करता हूं।

"समाचार-पत्रों मे विज्ञप्ति प्रकाशित हुई है कि जामनगर (गुजरात) नगरपालिका ने वायु सेना केन्द्र से लगे क्षेत्र को आबादी में बदले जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करदी है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोग सन् 1965 के हिन्द पाक युद्ध में भी समस्या बन गये थे और इसी कारण वहां बसे लोगों को हटाया गया था। अब पुनः उस क्षेत्र को आबादी में परिवर्तन करने से वायु सेना केन्द्र तथा देश की सीमा की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की सम्भावना है। अतः देश तथा जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय की ओर माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कर निवेदन करता हूं कि नगरपालिका, जामनगर तथा गुजरात सरकार को ऐसी कार्यवाही नहीं करने के निर्देश दें।"

(v) DEMANDS OF RESEARCH SCHOLARS OF ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI.

श्री उग्रसेन (देवरिया) : सभापति महोदय, मैं नियम, 377 के अन्तर्गत इस बात की सूचना देता हूं कि आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मैडिकल साइन्सेज नई दिल्ली के अधिकारी ने एस० वाई० एस० सोसाइटी